## भारत की प्राकृतिक वनस्पति

1. देश के सर्वाधिक क्षेत्रफल पर किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?
(अ) पर्वतीय वन (ब) उष्णार्द्र सदाबहार वन
(स) आर्द्र मानसूनी वन (द) उष्णार्द्र पतझड़ वन
उत्तर : (द)
2. देश के उन भागों में जहाँ औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से अधिक तथा वार्षिक औसत तापमान 24°C के आसपास, वर्षभर आर्द्रता 70% तक रहती है, किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?
(अ) पर्वतीय वन (ब) उष्णार्द्र सदाबहार वन
(स) आर्द्र मानसूनी वन (द) उष्णार्द्र पतझड़ वन
उत्तर : (ब)
3. देश के 100 से 200 सेमी. औसत वार्षिक वर्षा वाले भागों में किस प्रकार की वनस्पति पायी जाती है ?
(अ) उष्णार्द्र सदाबहार वन
(ब) मैंग्रोव वन
(स) उष्णार्द्र पतझड़ वन
(द) मरुस्थलीय वन
उत्तर : (स)
4. 50 सेमी. से कम औसत वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में सामान्यतया किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?
(अ) उष्णार्द्र मानसूनी वन
(ब) उष्णार्द्र पतझड़ वन
(स) आर्द्र मानसूनी वन
(द) मरुस्थलीय वन
उत्तर : (द)
5. दलदली अथवा ज्वार–भाटा क्षेत्रों में पाए जाने वाले वन को क्या कहा जाता है ?
(अ) मैंग्रोव वन (ब) शोला वन
(स) मानसूनी वन (द) पतझड़ वन
उत्तर : (अ)
6. भारत में मैंग्रोव वनस्पति का सर्वाधिक विस्तार किस राज्य में पाया जाता है ?
(अ) गोवा (ब) पश्चिम बंगाल
(स) आन्ध्र प्रदेश (द) ओड़िशा
उत्तर : (ब)
7. भारत में चन्दन की लकड़ी के वन सबसे अधिक कहाँ पाए जाते हैं ?
(अ) असम की पहाड़ियों
(ब) शिवालिक की पहाड़ियों में
(स) नीलगिरि की पहाड़ियों में
(द) सतपुड़ा की पहाड़ियों में
उत्तर : (स)
8. साइलेंट वेली के चर्चित होने का कारण है–
(अ) जनसंख्या विस्फोट
(ब) परमाणु केंद्र की स्थापना
(स) अधिक जल संचयन
(द) जैव विविधता एवं सदाबहार वन का संरक्षण
उत्तर : (द)
9. फूलों की घाटी स्थित है–
(अ) केरल (ब) जम्मू–कश्मीर
(स) उत्तराखंड (द) हिमाचल प्रदेश
उत्तर : (स)
10. पश्चिमी हिमालय में उच्च पर्वतीय वनस्पतियाँ 3000 मीटर तक की ऊँाई तक ही उपलब्ध होती है जबकि पूर्वी हिमालय में 4000 मीटर की ऊँचाई तक मिलती है। एक ही पर्वत श्रेणी में इस प्रकार की विविधता का कारण है–
(अ) पूर्वी हिमालय का पश्चिमी हिमालय से अधिक ऊँचा होना
(ब) पूर्वी हिमालय का भूमध्य रेखा और समुद्र तल से पश्चिमी हिमालय की अपेक्षा अधिक निकट होना
(स) पूर्वी हिमालय में प. हिमालय की अपेक्षा अधिक मानसूनी वर्षा होना
(द) पूर्वी हिमालय की चट्टानों का पश्चिमी हिमालयी चट्टानों से अधिक उर्वर होना
उत्तर : (स) IAS 1995
11. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. सागौन
B. देवदार
C. सुन्दरी
D. सिनकोना
सूची–II
1. हिमालय की तराई
2. मध्य भारत
3. सुन्दर वन
4. हिमालय के उच्च पर्वतीय क्षेत्र
(अ) A – 1, B – 4, C – 3, D - 2
(ब) A – 3, B – 2, C – 1, D - 4
(स) A – 4, B – 1, C – 3, D - 2
(द) A – 2, B – 3, C – 4, D - 1
उत्तर : (स) UPPCS 1992
12. पश्चिमी घाट पर पायी जाने वाली वनस्पति का प्रकार है–
(अ) सदाहरित (ब) अल्पाइन
(स) सवाना (द) पर्णपाती
उत्तर : (अ)

13. उष्ण कटिबन्धी आर्द्र सदाबहार वन पाए जाते हैं–
(अ) अरावली पर्वतमाला पर
(ब) शिलांक पठार पर
(स) शिवाालिक श्रेणी पर
(द) प्रायद्वीपीय पठार पर
उत्तर : (द)

14. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (वन प्रकार)
A. उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती
B. उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती
C. अल्पाइन
D. उष्णकटिबंधीय सदाबहार
सूची–II (प्रदेश)
1. अरुणाचल प्रदेश
2. सह्याद्री
3. मध्य गंगा मैदान
4. तराई
(अ) A – 4, B – 3, C – 1, D - 2
(ब) A – 4, B – 2, C – 1, D - 3
(स) A – 1, B – 3, C – 2, D - 4
(द) A – 3, B – 1, C – 4, D - 2
उत्तर : (अ) UPPCS 2001

15. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (वार्षिक वर्षा)
A. 100 से 200 सेमी.
B. 50 से 100 सेमी.
C. 50 सेमी. से कम
D. 200 सेमी. से कम
सूची–II (वनों के प्रकार)
1. उष्ण आर्द्र सदाबहार वन
2. उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन
3. उष्ण कटिबंधीय शुष्क वन
4. मरुस्थलीय एवं अर्द्ध मरुस्थलीय वन
(अ) A – 4, B – 3, C – 1, D - 2
(ब) A – 2, B – 3, C – 4, D - 1
(स) A – 1, B – 3, C – 2, D - 4
(द) A – 3, B – 1, C – 4, D - 2
उत्तर : (ब)

16. निम्न में से किन पहाड़ियों पर उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन पाए जाते हैं ?
(अ) नीलगिरि पहाड़ियाँ
(ब) अरावली पहाड़ियाँ
(स) राजमहल पहाड़ियाँ
(द) शिवालिक पहाड़ियाँ
उत्तर : (अ) RRB 2003

17. निम्नलिखित में से कौन उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की अपेक्षा शीतोष्ण कटिबंधीय वनों का उपयोग को अधिक आसान बनाता है ?
1. बाजार से निकटता
2. अधिक मुलायम लकड़ी
3. अधिक लम्बे वृक्ष
4. समरूपता
(अ) 1 और 3 (ब) 2 और 4
(स) 2 और 3 (द) 3 और 4
उत्तर : (ब) IAS 1993

18. निम्नलिखित में से कौनसा राज्य शहतूत रेशम उत्पादित करता है ?
(अ) ओड़िशा (ब) कर्नाटक
(स) पश्चिम बंगाल (द) जम्मू–कश्मीर
उत्तर : (ब) RRB 2003

19. गंगा–ब्रह्मपुत्र के डेल्टाई क्षेत्रों में किस वृक्ष की अधिकता के कारण इसे 'सुंदरवन' कहा जाता है ?
(अ) चन्दन (ब) शीशम
(स) सुन्दरी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) RRB 2005

20. भारत में चंदन की लकड़ी के लिए प्रसिद्ध राज्य है–
(अ) असम (ब) केरल
(स) कर्नाटक (द) पश्चिम बंगाल
उत्तर : (स) RRB 2003

21. भारत के किस भौतिक प्रदेश में उष्ण कटिबन्धीय से लेकर अल्पाइन प्रकार की वनस्पति मिलती है ?
(अ) दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार
(ब) उत्तर का विशाल मैदान
(स) उत्तर का हिमालय पर्वतीय प्रदेश
(द) तटीय मैदान
उत्तर : (स)

22. भारत में सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यावसायिक वन है–
(अ) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
(ब) उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन
(स) उष्ण कटिबंधीय अर्द्ध सदाबहार वन
(द) कोणधारी वन
उत्तर : (स)

23. भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक में मैंग्रोव वन, सदापर्णी वन और पर्णपाती वनों के संयोजन है ?
(अ) उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश
(ब) दक्षिण पश्चिम बंगाल
(स) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
(द) दक्षिण सौराष्ट्र
उत्तर : (स) UPPSC 2015

www.rajstudents.com

24. भारत के वनों में उष्ण कटिबंधीय वन का योगदान है–
(अ) 90% (ब) 93%
(स) 95% (द) 97%
उत्तर : (ब)

25. भारत के वनों में शीतोष्ण कटिबंधीय वन का योगदान है–
(अ) 10% (ब) 7%
(स) 5% (द) 3%
उत्तर : (ब)

26. भारत में प्रमुख वनस्पति कौनसी है ?
(अ) पतझड़ वन (ब) वर्षा वन
(स) कांटेदार झाड़ियाँ (द) सवाना
उत्तर : (अ)

27. निम्नलिखित में से कौनसा राज्य तेंदू के पत्तों का मुख्य उत्पादक है ?
(अ) ओड़िशा (ब) महाराष्ट्र
(स) मध्य प्रदेश (द) उत्तर प्रदेश
उत्तर : (स)

28. जो वन चक्रवातों के अवरोधकों का कार्य करते हैं, वे वन कौनसे हैं ?
(अ) मैंग्रोव वन (ब) मानसून वन
(स) अल्पाइन वन (द) एबरग्रीन वन
उत्तर : (अ) SSC 2015

29. गंगा ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र का वन निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) मानसून वन (ब) वर्षा वन
(स) पतझड़ वन (द) सुंदर वन
उत्तर : (द) BSSC 2015

30. निम्नलिखित नदी डेल्टाओं में से किन पर मैंग्रोव वन पाए जाते हैं ?
1. नर्मदा
2. स्वर्णरेखा
3. कृष्णा
4. गंगा
(अ) 1 और 3 (ब) 3 और 4
(स) 2 और 4 (द) 2,3 और 4
उत्तर : (स) UPPCS 2015

www.rajstudents.com